प्रेषक,

हरिश्चन्द्र,
सिविल जज (सी0डि0),
बरेली।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद न्यायालय,
बरेली।

विषयः— सम्पत्ति विवरण विलम्ब से प्रेषित किये जाने के कारण के संबंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 16.07.2009 को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में पदभार ग्रहण किया गया, लेकिन सम्यक् जानकारी के अभाव में तथा कुछ पारिवारिक समस्या, व्यस्तता व वैश्विक महामारी के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्पत्ति का विवरण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर प्रेषित नहीं किया जा सका। माननीय उच्च न्यायालय के पत्र दिनांकित 03.12.2021 के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2009 से 2021 तक का सम्पत्ति विवरण प्रेषित किया जा रहा है।

अतः विलम्ब से प्रेषित सम्पत्ति विवरण के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी क्षमा प्रार्थी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष में भविष्य में सम्पत्ति विवरण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर प्रेषित कर दिया जायेगा।

सम्मान सहित।

दिनांकः—10.12.2021 भवदीय,

(हरिश्चन्द्र)
सिविल जज (सी0डि0),
बरेली।